दिन– गुरुवार                                                                 दिनांक– 10 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य के अधिकांश स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, सुपौल, सीतामढ़ी, शिवहर और पूर्वी चम्पारण समेत आठ जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

02. बेगूसराय, मधुबनी, समस्तीपुर और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में चौदह लोगों की मौत, कई घायल।

03. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम दो हजार तेईस के साथ जोड़ा जाएगा।

04. और, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है। वैशाली और नालंदा में हो रहा है विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी हिस्सों के अधिकांश स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि दरभंगा, सीतामढ़ी, अररिया और आस–पास के जिलों में आज सुबह से ही अच्छी बारिश हो रही है। वहीं, राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी बूंदाबांदी हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इधर, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

–––बाइट–––

---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय, मधुबनी, समस्तीपुर और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में चौदह लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बेगूसराय जिले में सबसे अधिक पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य घायल हो गए। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

जिले के बलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव में खेत में काम करने के दौरान बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। वहीं, साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के मोहनपुर

बहियार में एक साठ वर्षीय महिला की ठनका की चपेट में आने से मौत हुयी है। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोला बहियार में एक किसान की मौत हो गयी। दूसरी तरफ, मटिहानी थाना क्षेत्र के सिंहमा गांव में एक वृद्ध की, जबकि भगवानपुर थाना क्षेत्र के मानोपुर गांव में एक किशोरी की मौत हो गयी। मानोपुर में तीन महिलाएं घायल हो गयीं, जिनका ईलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

इधर, दरभंगा जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में वज्रपात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। मधुबनी जिले के रूद्रपुर थाना के अलपुरा और अररिया संग्राम थाना क्षेत्र के पिपरौलिया गांव में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ, समस्तीपुर जिले के हसनपुर और बिथान प्रखंड में दो लोगों की मौत की खबर है। नवादा जिले के वारिसलीगंज में वज्रपात की चपेट में आने से चार व्यक्ति झुलस गए। मुंगेर जिले के खड़गपुर के तेघड़ा गांव में भी एक व्यक्ति के झुलसने की खबर है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात की घटना में मरने वाले लोंगों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने मृतकों के परिजन को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतकर्ता बरतने और घर में रहने की अपील की है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में गंगा नदी के किनारे बने जेपी गंगा पथ के कंगनघाट से दीदारगंज तक विस्तारित खंड का लोकार्पण करेंगे। बिहार राज्य पथ निर्माण निगम ने जेपी गंगा पथ परियोजना का कार्य लगभग तीन हजार आठ सौ इकतीस करोड़ रूपये की लागत से पूरा किया है। इसके बाद जेपी गंगा पथ पर वाहनों का परिचालन दीघा से दीदारगंज तक शुरू हो जायेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

---

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम दो हजार तेईस के साथ जोडा जाएगा। श्री वैष्णव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट में कहा कि जब आधार कानून बनाया गया था, तब कानूनी ढांचे में कई खामियां थीं, लेकिन अब उन खामियों को दूर किया गया है। उन्होंने आधार कानून के आधुनिक संस्करण पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा सरकार

गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव करने पर ध्यान दे रही है।

---

नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार ने कहा है कि राज्य मंत्रिमंडल ने मोतिहारी सीवरेज नेटवर्क परियोजना के लिए चार सौ करोड़ रूपये और बक्सर जलापूर्ति योजना के लिए एक सौ छप्पन करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। इससे चकाचक मोतिहारी शहर की परिकल्पना साकार होगी और बक्सर के लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि एक्यूट इंसेफ्लाइटिस सिंड्रोम– एईएस से बचाव के लिये बच्चों को तीस अप्रैल तक टीका लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचाव के लिये राज्य सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों में एईएस के संक्रमण के बचाव के लिये जेई–वन और जेई–टू टीकाकरण के आच्छादन को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। नौ महीने से दो वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को जेई का टीका नियत अंतराल पर दिया जाता है।

---

प्रदेश के सभी प्रखंड मुख्यालयों में आमजन के भोजन की सुविधा के लिये विशेष कैंटीन खोली जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जीविका से संबंधित स्वयं सहायता समूहों के गठन और योजनाओं की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिये। श्री कुमार ने जीविका दीदियों का परिचय पत्र बनाने, पंचायतों में सामुदायिक भवनों में जीविका दीदी द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिये सिलाई सेंटर और ग्रामीणर हाट के निर्माण पर विशेष बल देने के भी निर्देश दिये।

---

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है।

–––म्युजिक–––

इस अवसर पर भगवान महावीर से जुड़े राज्य के प्रमुख स्थलों नालंदा, वैशाली और जमुई जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वैशाली जिले के बासोकुंड में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है। बौना पोखर मंदिर से महावीर जन्म भूमि तक रथ यात्रा निकाली जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस विशेष मौके पर आज से तीन दिवसीय वैशाली महोत्सव की भी शुरूआत हो रही है।

———बाईट———

वैशाली महोत्सव के आयोजन को लेकर जिले में विशेष प्रबंध किये गये है। इस दौरान पर्यटन विभाग समेत विभिन्न विभागों की 65 स्टॉल लगाये जा रहें है। पर्यटकों के लिए फूडपार्क भी बनाया गया है। कार्यक्रम में जाने माने गायक बी. प्राक, मैथिली ठाकुर समेत कई स्थानीय कलाकार और स्कूली बच्चे प्रस्तुति करेंगे। इस अवसर पर भगवान महावीर के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का भी मंचन किया जायेगा। महोत्सव का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस दौरान योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोगा मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वैशाली से मनोज कुमार सिंह।

इधर, नालंदा जिले के कुंडलपुर में भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर आज सुबह भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर उनके जन्मस्थली कुंडलपुर में राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आज भव्य शोभा यात्रा निकालने के साथ ही उनकी प्रतिमा पर दूध चंदन से मस्तका अभिषेक किया गया। इस समारोह में शामिल होने के लिए भारी संख्या में देशभर से जैन श्रद्धालु कुंडलपुर पहुंचे हैं। समारोह में आज शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा त्याग और संयम का संदेश दिया है, जिसे हर किसी को अपनाना चाहिए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि सत्य और अहिंसा के संदेश पर चलकर राज्य तथा देश में शांति सद्भाव और विश्वास को मजबूत किया जा सकता है।

———म्युजिक———

---

इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस में परीक्षा से वंचित और अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र—छात्राओं के लिए अप्रैल मई में विशेष परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर ग्यारह अप्रैल कर दी है। समिति ने उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए आवेदन की भी अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब परीक्षार्थी कल तक आवेदन कर सकते हैं।

---

भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर पच्चीस अप्रैल कर दी है। इससे पहले पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि आज तक निर्धारित थी।

---

आज विश्व होम्योपैथी दिवस है। होम्योपैथी स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, देश में दस करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली होम्योपैथी के प्रति जागरूकता का प्रसार किया जायेगा।

---

और अब खबरें खेल जगत की....

राज्य में चार से पन्द्रह मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग ले रही बिहार की खो–खो टीम के सम्भावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी गयी है। बालक और बालिका वर्ग में पच्चीस–पच्चीस खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनके लिए बारह अप्रैल से मुंगेर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इधर, राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन से जुड़े अधिकारियों और खेल प्रशासकों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों को अपने–अपने कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

पटना में खेली जा रही राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस प्रतियोगिता में राज्य के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। अन्डर फोर्टीन बालक वर्ग में पटना के अविनाश राय और अथर्व आनंद जबकि बालिका वर्ग में भार्गवी शर्मा और दिव्या श्री आज फाईनल में जगह बनाने के लिए खेलेंगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मौसम में आये बड़े बदलाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–बिहार में वज्रपात से बीस लोगों की मौत। राज्य के सात जिलों में बरपा कहर, तेरह झुलसे।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है–राज्य में वज्रपात से बाईस की मौत, मधुबनी में मंदिर का गुंबद टूटा।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– आरबीआई ने रेपो रेट में की शून्य दशमलव दो पांच प्रतिशत की कटौती। बड़ी राहत ऑटो, होम लोन होगा सस्ता, ईएमआई घटेगी।

प्रभात खबर ने सत्तरवीं बीपीएससी मुख्य परीक्षा की तारीखों से जुड़ी खबर को अपनी प्रमुख खबर बनाते हुये शीर्षक दिया है– बारह अप्रैल से डाउनलोड करे सत्तरवीं बीपीएससी मेन्स का एडमिट कार्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य के अधिकांश स्थानों पर रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, सुपौल, सीतामढ़ी, शिवहर और पूर्वी चम्पारण समेत आठ जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

02. बेगूसराय, मधुबनी, समस्तीपुर और दरभंगा जिले में वज्रपात की घटना में चौदह लोगों की मौत, कई घायल।

03. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम दो हजार तेईस के साथ जोड़ा जाएगा।

04. और, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है। वैशाली और नालंदा में हो रहा है विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।